दिन– बुधवार                                                     दिनांक– 27 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                          अवधिः– 15 मिनट

---

01. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में गृह मंत्रालय ने रेलवे के तीस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी।

02. राज्य सरकार बेतिया राज की लगभग आठ हजार करोड़ रूपये की पंद्रह हजार तीन सौ अट्ठावन एकड़ जमीन अपने कब्जे में लेगी। विधानमंडल में विधेयक पारित।

03. प्रदेश मे पैक्स चुनाव के पहले चरण के तहत कुल बासठ प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण के लिए आज शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी।

04. और, बीपीएससी ने एकीकृत उनहत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी किया। मेधा सूची में सीतामढ़ी जिले के उज्ज्वल कुमार उपकर पहले स्थान पर।

———————————————————

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में गृह मंत्रालय ने रेलवे के तीस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। दिल्ली की विशेष अदालत में सीबीआई ने मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। जांच एजेंसी ने कहा कि अभी एक अधिकारी के खिलाफ मुकदमा शुरू करने की अनुमति नहीं मिली है। गौरतलब है कि इस मामले में राजद अध्यक्ष और तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत पन्द्रह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में अठहत्तर लोगों को आरोपी बनाया है। मामले की अगली सुनवाई तेईस दिसम्बर को होगी।

———————————————————

राज्य सरकार बेतिया राज की लगभग आठ हजार करोड़ रूपये की पंद्रह हजार तीन सौ अट्ठावन एकड़ जमीन को अपने कब्जे में लेगी। इससे संबंधित विधेयक कल विधानसभा और विधानपरिषद ने पारित कर दिया। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप कुमार जासवाल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि विधेयक पारित होने से जमीन पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को रोकने मे मदद मिलेगी।

———बाईट———

गौरतलब है कि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, सारण, सीवान, गोपालगंज और पटना के अलावा उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बेतिया राज की जमीन है।

———————————————————————————

समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा है कि राज्य के उनतीस जिलों में लिंगानुपात में गिरावट दर्ज की गयी है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री सहनी ने बताया कि आठ जिलों में लिंगानुपात में बढ़ोतरी हुई है जबकि कैमूर जिले में स्थिरता दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि पूर्वी चम्पारण जिले मे लिंगानुपात नौ सौ आठ से घटकर आठ सौ सत्तर और गया जिले में नौ सौ सत्रह से घटकर आठ सौ सत्तर हो गयी है।

———————————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि सरकार वित्त रहित अनुदानित शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों को वेतन देने पर विचार करेगी। विधान परिषद में एक गैर सरकारी संकल्प प्रस्ताव पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थानों को अनुदान मद में दी जाने वाली राशि और वेतन पर खर्च होने वाली अनुमानित राशि का आकलन करवाया जायेगा। वहीं, एक अन्य प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार स्कूलों में होने वाली मासिक परीक्षा की व्यवहारिकता की समीक्षा करवायेगी।

———————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक राज्य में जहरीली शराब पीने से एक सौ छप्पन लोगों की मौत हुई है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री कुमार ने कहा कि मृतकों के आश्रितों और परिजनों को चार–चार लाख रूपये की दर से सहायता राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी लागू होने के बाद से कानून के तहत आठ लाख छिहत्तर हजार सात सौ चालीस केस दर्ज किये गये हैं।

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि उनके विभाग में सत्रह हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। विधान परिषद में एक गैर सरकारी संकल्प का जवाब देते हुये उन्होंने कहा कि इसमें सबसे अधिक तीन हजार तीन सौ तेईस पद विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों के हैं। श्री पांडेय ने बताया कि सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकित्सक, फार्मासिस्ट, ईसीजी टेक्नीशियन और शल्य कक्ष सहायक समेत अन्य पदों पर नियुक्ति के लिए तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है।

———————————————————————————

ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि स्मार्ट प्री–पेड मीटर में किसी तरह की तकनीकी खामी नहीं है और यह ऊर्जा उपभोग के आधार पर संचालित होता है। विधान परिषद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुये श्री यादव ने कहा कि राज्य में अब तक बावन लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में बिजली उपभोक्ताओं को पन्द्रह हजार तीन सौ तैंतालीस करोड़ रूपये का अनुदान दिया जाना है। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार के पास मुफ्त बिजली देने की कोई योजना विचाराधीन नहीं है।

———————————————————————

प्रदेश के कारोबारियों को तीन वर्षों के लिए जीएसटी में ब्याज और जुर्माने से राहत मिलेगी। विधानसभा ने कल इस संबंध में पेश बिहार माल और सेवा कर द्वितीय संशोधन विधेयक को पारित कर दिया। उपमुख्य मंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए व्यापारियों को पहले देय कर का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

———————————————————————

प्रदेश में अब अंत्योदय अन्न योजना के तहत लाभुकों को पैंतीस किलो अनाज में चौदह किलो गेहूँ और इक्कीस किलो चावल मिलेगा। इससे पहले इस योजना के तहत सात किलो गेहूँ और अट्ठाईस किलो चावल मिलता था। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने केन्द्र सरकार के दिशा–निर्देश पर राशन में गेहूँ की मात्रा बढ़ाई है।

———————————————————————

प्रदेश मे पैक्स चुनाव के पहले चरण के तहत कुल बासठ प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव पुरूषोत्तम पासवान ने बताया कि पहले चरण के तहत एक हजार पांच सौ पचास पैक्स के लिए मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि कल ही कई पैक्स के लिए मतों की गिनती पूरी कर ली गयी। वहीं, आज भी मतगणना हो रही है। एक सौ उनहत्तर पैक्स में निर्विरोध प्रतिनिधि चुने गये हैं। श्री पासवान ने बताया कि दूसरे चरण के लिए आज सात सौ तिरेपन पैक्स में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने एकीकृत उनहत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इसमें चार सौ सत्तर अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। सीतामढ़ी जिले के उज्ज्वल कुमार उपकर टॉपर बने हैं। उज्ज्वल ने इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता को दिया।

———बाईट———

मेधा सूची में गया के सर्वेश कुमार दूसरे और उत्तर प्रदेश के देवरिया के शिवम तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। टॉप टेन में मात्र एक महिला अभ्यर्थी औरंगाबाद की क्रांति कुमारी शामिल हैं, जिन्होंने छठा स्थान हासिल किया है।

———————————————————————

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान– बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारंभ करेंगी। अभियान का प्राथमिक लक्ष्य देश को बाल विवाह की कुप्रथा से मुक्ति दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। महिला और बाल विकास मंत्री इस अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प दिलाएंगी।

———————————————————————

कार्मिक, जनशिकायत और पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि पेंशन धारकों और वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू की गई डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र व्यवस्था ने अपने तीसरे चरण में रिकॉर्ड एक करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों का जीवन आसान बनायेगा। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान का तीसरा चरण इस महीने की पहली तारीख से देश के आठ सौ शहरों और कस्बों में चलाया जा रहा है। इसके तहत पच्चीस नवंबर तक एक हजार नौ सौ से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं।

———————————————————————

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि सरकार दो हजार तीस तक देश में पशुओं को खुरपका और मुंहपका रोग से मुक्त करने की दिशा में काम कर रही है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि देश में डेयरी क्षेत्र को नियोजित करने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा कि देश को दुग्ध निर्यातक बनाने के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना होगा।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना और गया के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट देखी गयी। वहीं, बाईस शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

———बाईट———

————————————————————————————————

खान और भूतत्व विभाग ने सारण जिले में पदस्थापित दो खान निरीक्षक लाल बिहारी प्रसाद और अंजनी कुमार को बालू माफिया से सांठ—गांठ रखने और सरकार को राजस्व क्षति पहुंचाने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

————————————————————————————————

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित सोफा बनाने की एक फैक्ट्री आग लगने से बिहार के तीन कर्मचारियों की झुलस कर मौत हो गयी। मृतकों में दो कटिहार और एक अररिया के रहने वाले थे।

————————————————————————————————

गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत डुमरिया मोड़ के पास पुलिस ने एक कार से चालीस कार्टन शराब के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में रेलवे के तीस अफसरों और कर्मियों पर भी चलेगा केस। गृह मंत्रालय से सीबीआई को मिली मंजूरी।

दैनिक जागरण ने लिखा है— बेतिया राज की आठ हजार करोड़ रूपये की सम्पत्ति को कब्जे में लेगी राज्य सरकार।

प्रभात खबर लिखता है— बीपीएससी, सीतामढ़ी के उज्ज्वल बने टॉपर, चार सौ सत्तर अभ्यर्थी सफल।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बढ़ा, भारत ने कहा नेता जेल में ठूंसे जा रहे, हमलावर बेखोफ।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं—एक से अधिक पैन नहीं रख पायेंगे करदाता।

आज अखबार की सुर्खी है— उच्चतम न्यायालय ने खारिज की बैलेट पेपर से चुनाव कराने से जुड़ी याचिका।

————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में गृह मंत्रालय ने रेलवे के तीस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी।

02. राज्य सरकार बेतिया राज की लगभग आठ हजार करोड़ रूपये की पंद्रह हजार तीन सौ अट्ठावन एकड़ जमीन अपने कब्जे में लेगी। विधानमंडल में विधेयक पारित।

03. प्रदेश मे पैक्स चुनाव के पहले चरण के तहत कुल बासठ प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण के लिए आज शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी।

04. और, बीपीएससी ने एकीकृत उनहत्तरवीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी किया। मेधा सूची में सीतामढ़ी जिले के उज्ज्वल कुमार उपकर पहले स्थान पर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।